अगस्त माह में अपने प्राचीन स्वरूप में कोटा का जगमंदिर नजर आएगा : धारीवाल

कोटा के जग मदिर को निखारने का कार्य किया जा रहा है।

- कोटा के हेरिटेज का प्राचीन वैभव कायम रखना और आकर्षक बनाना ही है उद्देश्य : धारीवाल
- 'इनोवेशन और कंजर्वेशन कार्य में दिन-रात जुटे हैं कारीगर'

कोटा, (निसं)। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र कोटा के किशोर सागर तालाब के मध्य स्थित ऐतिहासिक जग मंदिर अगस्त माह से अपने प्राचीन स्वरूप में नजर आएगा और कोटा आने वाले देशी-विदेशी पर्यटको के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कोटा नगर विकास न्यास की ओर से नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में ऐतिहासिक जग मंदिर के रिनोवेशन और कंजर्वेशन का कार्य प्रगति पर है जल्द ही कार्य पूर्ण होते ही यह प्राचीन धरोहर अपने मूल स्वरूप में दिखाई देगी। नगर विकास न्यास के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि ऐतिहासिक जग मंदिर को मूल स्वरूप लौटाया जा रहा है जिसके तहत जिनके रिनोवेशन का कार्य जारी है।

जग मंदिर परिसर के पिल्लर, छतरियां में टूट-फूट की मरम्मत के साथ ऊपरी हिस्से में साफ सफाई, पॉलिश कार्य के साथ खमीरा, लाइन प्लास्टर, लाइन कड़ा, इमारत पर कलर स्टेप पू वर्क यानी जो स्थापत्य कलाकृतियां चित्रकारी जिस शैली में स्थापित हैं, उनको आकर्षक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कारीगर अपनी पूर्ण कार्य कुशलता के साथ जुटे हुए हैं। करीब 60 लाख रुपए की लागत से जगमंदिर के रिनोवेशन और कंजर्वेशन के कार्य के साथ तालाब के चारों ओर लगी रेलिंग, दीवार पर आकर्षक कलर वही अंदर वाले सिरे में भी दीवारों पर रंग रोगन करके कोटा के इस ऐतिहासिक स्थल को प्राचीन वैभव लौट आया जा रहा है।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट, सिटी पार्क सहित अन्य प्रोजेक्ट के साथ कोटा के हेरिटेज के रिनोवेशन और कंजर्वेशन पर भी फोकस करके प्राचीन वैभव को कायम रखने का प्रयास किया जा रहा है ताकि पर्यटकों को आधुनिक पर्यटक स्थलों के साथ-साथ पुरातत्व, वैभवशाली हेरिटेज से भी रूबरू करवाया जा सके। ऐतिहासिक दरवाजों के साथ जगमन्दिर सहित अन्य हेरिटेज इमारतों का रिनोवेशन करवाया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने पर पर्यटकों के लिए आकर्षक कार्ययोजना की तैयारी की जा रही हैं।

यह हैं जगमन्दिर का इतिहासः- इतिहासविद फिरोज अहमद बताते हैं कि कोटा का ऐतिहासिक जगमंदिर, शहर के बीच किशोर सागर में स्थित है। इस खूबसूरत इमारत का निर्माण कोटा राज्य के शासक महाराव दुर्जनशाल सिंह की महारानी ब्रजकंवर बाई ने करवाया था। जगमंदिर 18वीं शताब्दी की राजपूत स्थापत्य शिल्प कला का सुन्दर नभूना है। महारानी ब्रजकंवर मेंवाड़ के महाराणा सांगा द्वितीय की पुत्री और जगतसिंह द्वितीय की बहिन थीं।

महाराव दुर्जनशाल सिंह कोटा से इनका विवाह सन् 1734 ई॰में हुआ था। वो पर्यावरण प्रेमी थीं। इसलिए कोटा के बाग में इनके रहने के लिए महाराव ने ब्रज विलास सुंदर इमारत का निर्माण करवाया था, वो इसी महल में रहती थी किशोर सागर के बीच बना जगमंदिर झीलों नगरी उदयपुर की याद को ताजा करता है। जग मंदिर दो मंजिला इमारत है। ऊपर बारहदरी बनी हैं इमारत में सुन्दर छोटा सा बगीचा है इमारत परिसर के चारों कोनों पर सुन्दर झरोखे बने हैं। संरक्षण की दृष्टि से यह इमारत नगर विकास न्यास के अधीन है।

'नई न्यूनतम मजदूरी लागू हो और एरियर का भुगतान करें'

कोटा, (निसं)। हिन्द मजदूर सभा से संबद्ध थर्मल ठेकेदार वर्कर्स यूनियन ने उत्पादन निगम के सीएमडी आरके शर्मा को पत्र भेजकर राजस्थान के सभी थर्मल प्लांटों में कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों को नई दर से भुगतान करवाने, एरियर का भुगतान दिलवाने और हर माह की सात तारीख तक वेतन सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

एचएमएस के प्रदेश सचिव एंव यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी ने बताया कि राजस्थान सरकार ने 28 जून को नोटिफिकेशन जारी करके न्यूनतम मजदूरी दर में सात रुपये की बढ़ोत्तरी की है जो कि 1 जुलाई 2021 से प्रभावी है ठेका श्रमिकों को नई दर से भुगतान नहीं किया जा रहा है इसलिए उत्पादन निगम सरकार के इस नोटिफिकेशन की पालना करते हुए अविलम्ब आदेश जारी करे जिससे ठेका श्रमिकों को नई न्यूनतम मजदूरी मिले और 1 जुलाई 2021 से अब तक किये गये भुगतान का एरियर का भुगतान हो इससे पूर्व भी 30 जुलाई 2021 को पिछला नोटिफिकेशन जारी किया गया था जिसके अनुसार न्यूनतम मजदूरी में 27 रुपये बढ़ोत्तरी की थी यह आदेश 1 जुलाई 2020 से प्रभावी था इसके अनुसार मजदूरों को पिछले एक वर्ष के किये गये भुगतान का एरियर मिलना था राजस्थान में अन्य विभागों में नियोजकों द्वारा अपने श्रमिकों का भुगतान कर दिया गया है.परन्तु थर्मल प्रशासन द्वारा मजदूरों को अभी तक पिछले एरियर का भी भुगतान नहीं किया गया है थर्मल प्रशासन गरीब मजदूरों का पैसा हड़पना चाहता है सरकार के आदेश की पालना नहीं हो रही है। थर्मल प्रशासन को सरकार के नोटिफिकेशन की पालना करते हुए श्रमिकों का पिछले एरियर का भुगतान भी शीघ्र सुनिश्चित करवाना चाहिये महासचिव बद्रीलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, महावीर शर्मा, बिरधीलाल नागर, पदम जांगिड़, जगदीश मेहरा, ब्रजेश नामा, भगतसिंह शक्तावत इत्यादि पदाधिकारियों ने बताया कि काफी अर्से से मजदूरों को कई महीनों तक वेतन नहीं मिल पा रहा है बार-बार प्रशासन को आगाह करने के बाद भी रवैये में सुधार नहीं हुआ है। हर बार फण्ड की कमी का हवाला देकर गरीब मजदूरों को आर्थिक प्रताड़ित किया जा रहा है.जब सरकारी कार्मिकों का हर महीने समय पर भुगतान हो रहा है तो इन ठेका श्रमिकों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों? फण्ड की कमी क्या दिन रात एक करके पसीना बहाने वाले इन मजदूरों जिन्हें परिश्रम की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है.के लिये ही आ रही है अधिक वेतन पाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये क्यों नहीं इसलिए प्रशासन अनावश्यक बहानेबाजी छोड़े और यदि ऐसी स्थिति है तो सभी के साथ समानता का व्यवहार अपनाये जिस प्रकार उत्पादन के लिये इनका सहयोग लिया जाता है।

NAME CHANGE

Before Marriage, I Was Devyani, After Marriage I Have Changed My Name To Devyani Agrawal W/o Varun Agarwal, In Future I Should Be Known By This Name, Address 758 Pratap Nagar Dadabadi, Kota

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-155 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-8.7.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 426 ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना में आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 11.05.2001 को मैसर्स हरियाणा गुड्स ट्रांसपोर्ट कम्पनी प्रो. श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री चतुर्भुज शर्मा के नाम से आवंटन किया गया था। आवंटी श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री चतुर्भुज शर्मा द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री राकेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मीचंद गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.08.2007 को श्री दितीन गुप्ता पुत्र श्री भारत भूषण गुप्ता को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री दितीन गुप्ता पुत्र श्री भारत भूषण गुप्ता द्वारा उक्त भूखंड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास, कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 426 योजना ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री दितीन गुप्ता पुत्र श्री भारत भूषण गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-156 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-8.7.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना में भूखंड संख्या 148 मैसर्स वरुण रोड लाइन्स प्रो. श्री गिरिराज धरण पुत्र श्री हनुमान प्रसाद को आवंटन पत्र क्रमांक 379 दिनांक 30.04.2001 को किया गया था। आवंटी श्री गिरिराज धरण पुत्र श्री हनुमान प्रसाद द्वारा उक्त भूखंड जर्ये मुख्तारआम श्री जितेन्द्र अदलक्खा पुत्र श्री अर्जुन अदलक्खा को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री जितेन्द्र अदलक्खा पुत्र श्री अर्जुन अदलक्खा द्वारा उक्त भूखंड संख्या 148 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.05.2016 को श्री मदन लाल दुआ पुत्र श्री खानचन्द दुआ को विक्रय कर दिया गया है। विक्रय उपरांत क्रेता श्री मदन लाल दुआ पुत्र श्री खानचन्द दुआ के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 148 ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्री मदन लाल दुआ पुत्र श्री खानचन्द दुआ के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

सार-समाचार

नीट के लिए स्पेशल कोच लगाने की मांग

कोटा, (निसं)। डीआरयूसीसी के सदस्य व एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने या कोच बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक से पंकज शर्मा को पत्र भी लिखा। माहेश्वरी ने कहा कि आगामी 17 जुलाई को नीट की परीक्षा है, जिसमें देशभर में करीब 16 लाख स्टूडेंट्स शामिल होने जा रहे हैं। स्टूडेंट्स के प्रवेश पत्र जल्द जारी होने वाले हैं। हजारों स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं जो कोटा में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इन स्टूडेंट्स को परीक्षा देने के लिए दूसरे शहरों में जाना होगा। कोटा में पढ़ने वाले हजारों स्टूडेंट्स का परीक्षा केन्द्र जयपुर आया है। ऐसे में परीक्षा के लिए कोटा से जयपुर के बीच के लिए नीट स्पेशल ट्रेन चलाई जाए या फिर नियमित ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाई जाए। माहेश्वरी ने कहा कि कोटा से जयपुर के लिए 14 से 16 जुलाई के मध्य अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। ऐसे में यदि कोच नहीं बढ़ाए गए या स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई गई तो विद्यार्थियों को परेशानी होगी।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर हर्ष

कोटा, (निसं)। महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा राजस्थान के तत्वाधान में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर कार्यकर्ताओं द्वारा महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मिठाई वितरण कर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा के अध्यक्ष इंद्रमोहन सिंह हनी ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को आज तक जो भी मंत्रालय मिला है उस मंत्रालय का कायाकल्प उन्होंने अपनी मेहनत व कार्यकुशलता से किया है पर यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्पात मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग का प्रभार भी केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया को दिया है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को यह पूरा विश्वास है कि वह इस मंत्रालय में अनुकरणीय और प्रेरणा स्रोत कार्य करेंगे।

विशाल मेगा मार्ट के स्टाफ ने ईमानदारी दिखाई

कोटा, (निसं)। बेंगलुरु से आए नेचुरोपैथी डॉक्टर हर्षित मिश्रा विशाल मेगा मार्ट में ड्रेस खरीदने के लिए गए और उनका पर्स वही छूट गया। लेकिन दूसरे दिन जब विशाल मेगा मार्ट में पूछा गया तो उन्होंने 2.00 बजे तक का समय दिया कि पूरा स्टाफ आ जाएगा और आपका पर्स मिल जाएगा तो दे दिया जाएगा जब पर्स मिल गया तो उन्होंने स्वयं फोन किया और रखें रुपए एटीएम कार्ड, वोटर आईडी, इत्यादि सुरक्षित स्टाफ राम गोपाल ने डॉ हर्षित की माता सरोज मिश्रा को लौटा दिया सरोज मिश्रा ने विशाल मेगा मार्ट के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

गुरू पूजन महोत्सव का आयोजन

कोटा, (निसं)। महर्षि वेदव्यास जयन्ती के अवसर पर श्रद्धा-भक्ति परिवार के साधक गणों द्वारा 13 जुलाई को नारायण विहार, बोरखेड़ा स्थित गुरू निवास के परिसर में ''गुरू पूजन महोत्सव'' मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.जी. नागर ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 जुलाई को प्रात: 8.30 बजे भैरवनाथ की अखण्ड ज्योति एवं सर्वदेवों का पूजन-अर्चन होगा। तदुपरान्त यज्ञ प्रारम्भ होगा तथा 11.30 बजे महा आरती होगी। इसके बाद साधक शिष्यगणों द्वारा ब्रह्मलीन सद्गुरूदेव आचार्य बद्रीनारायण शास्त्री का स्मरण-वन्दन एवं पूजन किया जायेगा।

अपने बच्चे की तुलना किसी और से नहीं करें, हर बच्चा खास होता है : स्वाति

कोटा में डॉ स्वाति विजय ने मोशन कोचिंग के स्टूडेंट को मोटिवेट किया।

कोटा, (निसं)। हर बच्चा खास होता है। प्रकृति ने उनको किसी ना किसी क्षेत्र में प्रतिभा से जरूर नवाजा होता है, इसलिए अपने बच्चे की तुलना किसी और से नहीं करें। यह कहा पैरेंटिंग कोच और मोशन एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय ने। वे शुक्रवार को मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिवीजन की ओर से दक्ष कैंपस में प्रवेश सत्र-2022-23 के ओरिएंटेशन सेशन के दौरान संबोधित कर रहीं थी।

इस अवसर पर कोटा कोचिंग की खासियत, मोशन फाउंडेशन की कार्यप्रणाली, एकेडमिक कैलेंडर, स्टडी पैटर्न और गत सत्रों के परिणामों से अवगत करवाया गया। इसमें कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए। स्वाती विजय ने कहा कि बच्चा क्लास मिस नहीं करता है, होमवर्क पूरा करता है, टेस्ट देकर गलतियां सुधारता है और अभिभावक टीचर्स के सम्पर्क में रहते हैं तो बहुत ही बढ़िया परिणाम मिलते हैं। मोशन एजुकेशन के वाइस प्रेसिडेंट शिवप्रकाश विजय ने कहा कि लक्ष्य तय करो और ईमानदार प्रयास करो तो कोई कामयाबी आपसे दूर नहीं। फाउंडेशन डिवीजन हम रुटीन की पढ़ाई के साथ ही बच्चे की एनालेटिकल थिंकिंग, रीजनिंग और लॉजिकल स्किल भी डवलप करते हैं।

साथ ही समय-समय पर होने वाली वर्कशाप के जरिए बच्चे को प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जाता है। सामान्य स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी जब जेईई, नीट, सीए और प्रशानिक जैसी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करते हैं तो उसका फंडामेंटल कमजोर रहता है और उसके 1 साल इसी को कवर करने में निकल जाता हैं। दूसरी ओर मोशन में जल्दी शुरुआत करने के कारण आपका बच्चा दूसरों से काफी आगे रहता है। हम स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम, इवनिंग प्रोग्राम, डे बोर्डिंग और होस्टल सुविधा उपलब्ध करवाते है। कोटा में मोशन फाउडेशन डिवीजन के चार सेंटर-डकनिया रेलवे स्टेशन के पास द्रोणा कैम्पस, सीएडी सर्किल के पास दक्ष कैम्पस, रेलवे स्टेशन पर भीमगंजमंडी थाने के पीछे केबीएस अकेडमी और सोगरिया में चंद्रेसल रोड स्थित केबीएस गुरुकुल में है। बच्चों को पढ़ाने के लिए क्लासरूम के अलावा मोशन लर्निंग एप के रिकॉर्डेड लेक्चर और मनोरंजक एनिमेशन की मदद ली जाती है। डिबेट, स्पोर्ट्स, डांस जैसी पाठ्योत्तर गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं।

महिला परिषद ने वृक्षारोपण किया

रामगंजमण्डी (निसं)। भारत विकास महिला परिषद् रामगंजमंडी द्वारा पर्यावरण प्रकल्प के तहत आज 07 जुलाई गुरुवार को डोडखेडी बालाजी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया देखरेख की जुम्मेदारी सौंपी गई।जिसमे बिल्वपत्र, पारसपीपल, नीम,गुलमोहर एवम् गुलाब आदि के पौधे लगाए गए।महिला परिषद की पूर्वी पतीरा ने बताया इस अवसर पर महिला मंडल संरक्षक माला अग्रवाल, अध्यक्ष मधु संघवी,सचिव संगीता सेठिया, कोषाध्यक्ष अंजना अरोड़ा,रेखा सोनी,पुष्पा संघवी,मंजू नागर एवम् मनीषा गुप्ता ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।आगे भी परिषद व महिला मंडल द्वारा इसी प्रकल्प के तहत लगभग 200 से अधिक पौधे लगाने का निर्णय लिया गया।

मंत्री चांदना का बूंदी दौरा आज

बूंदी। युवा मामला, खेल एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना शनिवार 9 जुलाई को बून्दी दौरे पर रहेंगे, निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री चांदना दोपहर 12:30 बजे बूंदी पहुंचेंगे जहां जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में हिंडोली व नैनवा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य की बैठक लेकर समीक्षा करेंगे, इसके उपरांत सर्किट हाउस में दोपहर 1:30 बजे प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों से रूबरू होंगे।

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles as per below schedule.

Loan Account no	Name of the borrower	Auction Venue	Auction Date
2166000499942	RAVI PRATAP SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, 386-SHOPPING CENTER, GHODE WALE BABA CROSS ROAD, BESIDE SANCHIT TOWER, GUMANPURA ROAD, KOTA, RJ, 324007	20-07-2022
2166000499962			
2166000623931	GEETIKA HADA		
2166000625317	FAYAZUDDIN ANSARI		
2166000626075	VIKAS MEENA		
2166000490609	RAJESH KUMAR	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, CHOPARA HOUSE, 27A/80- ADARSH SOCIETY GATE NUMBER 3, NEAR ITI CIRCLE, JODHPUR, RJ, 342001	20-07-2022
2166000508638			
2166000535726	KISHAN LAL		
2166000592777	AJAY PRAJAPAT		
2166000547823	MR. BHAVANI HARIJAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., NEAR ASHIRVAD GARDEN SHANTI NATH COLONY, GROUND FLOOR BALAJI WAFERS BUILDING, UDAIPUR, RJ, 313027	20-07-2022
2166000548521	MR. GOVIND SINGH RATHOD		
2166000497466	DEVENDRA SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, SHOP NO-2 & 3, A-235, GURU JEMBESHWAR NAGAR, GANDHIPATH, QUEENS ROAD, JAIPUR, RJ, 302021	20-07-2022
2166000555808			
2166000567275	MR. GAJRAJ SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., 1ST FLOOR, SHOP NO.10 TO 12, ASHIRWAD SHOPPING CENTER, DUNGARPUR ROAD, NEAR AMBA MATA MANDIR COLLEGE, BANSWARA, RJ, 327001	20-07-2022
2166000572975	MAVAJI DINDOR		
2166000622742	BHARAT NINAMA		
2166000561286	POORAN MAL HARIJAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., A/23, BAPU NAGAR, ROAD NO.13, SETHI, NEAR SBI BANK, CHITTAURGARH, RJ, 312001	20-07-2022
2166000591359	MR. RAJ KUMAR JAT		
2166000606883	SANTOSH		
2166000524287	ZUBER KHAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, NEAR DR. HONNY GUPTA NURSING HOME, OPP. HP PETROLPUMP, STATION ROAD, KOTA, RJ, 324001	20-07-2022
2166000546185	SURESHCHANDJAIN		
2166000559911	MR. RADHEY SHYAM		
2166000561846	ZUBER KHAN		
2166000594313	NARENDRA		
2166000599104	MR. KAYYUM		
2166000615656	BHANWAR SINGH		
2166000623081	SUNIL KUMAR		

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मंडाना को दो पारियों में चलाने की मांग की

कोटा, (निसं)। लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर पवन कुमार गोयल से मुलाकात कर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), मण्डाना को दो पारियों में प्रथम पारी में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा द्वितीय पारी में बालिका हिन्दी माध्यम विद्यालय चलाने की मांग की। विधायक ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मण्डाना को राज्य सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित कर देने से क्षेत्र की हिन्दी माध्यम में पढ़ने की इच्छुक लगभग 600 बालिकाओं के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। अभिभावक लगातार मुझसे अपनी बालिकाओं को बालिका स्कूल एवं हिन्दी माध्यम में ही पढ़ाने की मांग कर रहे थे जिस पर मैने पत्र के माध्यम से शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार को अवगत कराया है कि मण्डाना गरीब, मजदूर और किसान बाहुल्य क्षेत्र है। वह अपनी बालिकाओं को प्राइवेट स्कूल में भी नहीं पढ़ा सकते है। मण्डाना का बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पूरे कोटा जिले में आदर्श विद्यालय है। यहां की बालिकाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की बिल्डिंग को सभी ग्रामवासियों और भामाशाओं की मदद से बनाया गया है। यहां आस-पास की 4 ग्राम पंचायतों की बालिकाऐं भी अध्ययन करने आती है। यदि मण्डाना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को दो पारियों में इंग्लिश मीडियम विद्यालय और बालिका हिन्दी मीडियम विद्यालय दोनों को पृथक-पृथक संचालित किया जाता है तो क्षेत्र की बालिकाऐं आगे पढ़ाई जारी रख सकेगी, नहीं तो उनके आगे पढ़ने का सपना टूट जायेगा। इस प्रकार के आदेश कई विद्यालयों में आ चुके है। इस पर मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मथुरा के लिए मेला स्पेशल चलायी

कोटा, (निसं)। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मथुरा के लिए कोटा-मथुरा-कोटा के मध्य मेला स्पेशल रेल प्रशासन द्वारा चलाया जायेगा। यह निर्णय रेलवे द्वारा 8 जुलाई 2022 से 15 जुलाई 2022 तक मथुरा में होने वाले गुरू पूर्णिमा मेला के दौरान होने वाली भीड़ एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

गाड़ी संख्या 09819/09820 कोटा-मथुरा-कोटा मेला स्पेशल ट्रेन 10 जुलाई से 15 जुलाई तक दोनों तरफ से कुल 6 ट्रिप चलेगी। इस गाड़ी 2 एसएलआर, 6 सामान्य श्रेणी के कोच और 2 नान एसी चेयरकार सहित कुल 10 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 09819 कोटा-मथुरा मेला स्पेशल कोटा से सुबह 07.25 बजे प्रस्थान होकर इन्द्रगढ़, सुमेरगंज मंडी, सवाई माधोपुर, मलारना, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिण्डौन सिटी, बयाना, भरतपुर होते हुए दोपहर 12.50 बजे मथुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09820 मथुरा-कोटा मेला स्पेशल मथुरा से 13.30 बजे प्रस्थान होकर भरतपुर, बयाना, हिण्डौन सिटी, श्री महावीरजी, गंगापुर सिटी, मलारना, सवाई माधोपुर, सुमेरगंजमंडी, इन्द्रगढ़ होते हुए 19.10 बजे कोटा पहुंचेगी।

'साजीदेहड़ा बकरा मंडी क्षेत्र में पिछले 6 महीने से ठीक से बिजली की व्यवस्था सही नहीं है'

- केईडीएल विभाग के अधिकारियों के सामने रोष व्यक्त

बिजली की समस्या को लेकर वार्डवासियों ने निजी विद्युत कंपनी के सम्मुख रोष व्यक्त किया।

कोटा, (निसं)। शहर के साजीदेहड़ा बकरा मंडी क्षेत्र में पिछले 6 महीने से ठीक से बिजली की व्यवस्था सही नहीं है। इससे परेशान होकर बस्तीवासियों ने शुक्रवार को कोटड़ी स्थित विद्युत विभाग के ऑफिस के बाहर केडीएल विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

बस्तीवासियों का कहना है कि पिछले 6 महीने से उनके घरों में ठीक से बिजली नहीं आ रही। अगर बिजली आती भी है तो, वोल्टेज बहुत कम रहता है। जिस कारण उनके घरों के बल्ब भी अच्छे से नहीं जलते वहीं इस गर्मी में उनके घरों में पंखे भी ठीक से नहीं चलते ऐसी गर्मी में भी पंखे नहीं चलने से काफी परेशानियां आ रही है। पार्षद सलीना शेरी ने बताया साजीदेहड़ा क्षेत्र में आए दिन बिजली की समस्या हो जाती है यहां पर वोल्टेज भी कम आता है।

पशु मेला दशहरा ग्राउंड पर लगी डीपी पानी के बीच में लगी हुई है डीपी तक जाने में बिजली कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ता हैं। डीपी दूर होने से वोल्टेज भी कम आते हैं इस डीपी को बस्ती के पास शिफ्ट किया जाए और बकरा मंडी रोड़ पर लगे ट्रांसफार्मर पर आए दिन करंट आता है इससे हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है इस से करंट लगकर कर कई जानवर मर चुके हैं इस ट्रांसफार्मर को कहीं शिफ्ट कर दिया जाए बस्ती में लोहे के पोल क्षतिग्रस्त हैं यह कभी भी टूट सकते हैं लोहे के पोलो पर करंट आता है इन पर प्लास्टिक के कवर चढ़ाए क्षतिग्रस्त पोलो को बदला जाए। इसको लेकर उन्होंने कई बार केडीएल विभाग में शिकायत भी की है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

केडीएल के अधिकारियों ने एक सप्ताह में विद्युत व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वार्ड प्रतिनिधि साहिल शेरी मोहम्मद सलीम जफर मोहम्मद निसार अहमद मीनू इमरान खालिक सुल्तान बल्लू यूसुफ इस्माइल मकबूल शकील मुस्ताक मोहम्मद रफीक खलील सईद अंसारी ने मांग की है की केडीएल जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1487 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.7.22

आवास संख्या 2/32 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री चेलाराम पुत्र श्री भैरुमल को किया गया था। श्री चेलाराम पुत्र श्री भैरुमल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा आम एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 12.06.1989 को श्री देवेन्द्र कौशिक पुत्र श्री चन्द्र मणी को किया गया।

अंतिम क्रेता श्री देवेन्द्र कौशिक पुत्र श्री चन्द्र मणी द्वारा दिनांक 27.05.2022 को उक्त आवास के समस्त मूल प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास के नियमितिकरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस आवास का नियमितिकरण श्री देवेन्द्र कौशिक पुत्र श्री चन्द्र मणी के नाम करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का श्री देवेन्द्र कौशिक पुत्र श्री चन्द्र मणी के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री देवेन्द्र कौशिक पुत्र श्री चन्द्र मणी के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1498 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.7.22

आवास संख्या 4-टी-15 महावीर नगर विस्तार कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री प्रेमचन्द मण्डारिया पुत्र श्री प्यारे लाल मण्डारिया को किया गया था। श्री प्रेमचन्द मण्डारिया पुत्र श्री प्यारे लाल मण्डारिया द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा आम एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 16.07.1996 को श्रीमती कान्ती बाई पत्नी श्री मोहन लाल को किया गया। श्रीमती कान्ती बाई पत्नी श्री मोहन लाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 02.06.2005 को श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश को किया गया।

अंतिम क्रेता श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश जैन द्वारा दिनांक 13.04.2022 को उक्त आवास के समस्त मूल प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास के नियमितिकरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस आवास का नियमितिकरण श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश के नाम करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1523 जाहिर आम सूचना दिनांकः 7.7.22

आवास संख्या 2/2 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री हबीबुल्ला खान पुत्र श्री गम्भीर खान को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री रमेश चंद चौहान पुत्र श्री बूची लाल के नाम दिनांक 01.06.2002 को किया गया। श्री रमेश चंद चौहान पुत्र श्री बूची लाल के निवेदन पर उनके पुत्र श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान का नाम दिनांक 15.07.2002 को संयुक्त रुप से जोड़ा गया। इस आवास का पंजीयन श्री रमेश चंद चौहान पुत्र श्री बूची लाल व श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान द्वारा दिनांक 26.07.2002 को अपने पक्ष में संयुक्त रुप से करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री रमेश चंद चौहान पुत्र श्री बूची लाल द्वारा इस आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) आलेखित कर दिनांक 30.07.2021 को श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान को किया गया। श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास को उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री अनूप कुमार चौहान पुत्र श्री रमेश चंद चौहान के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा